## सार-समाचार

### कांग्रेसजनों ने  दीपावली की रामा श्यामा

**चूरू।** जिला मुख्यालय पर सुभाष चौक से मालजी के कमरें तक तक शहर ब्लॉक कांग्रेस व देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से सोमवार को दीपावली की राम-रमी की गई और एक दूसरे को शुभकामनाएं दी गई। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया के आ ान पर कांठोसजनों ने सुभाष चौक से मुख्य बाजार गढ़ चौराहा होते हुए मोजासिया चौक से मालजी के कमरे तक शहर व देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सयुंक्त तत्वावधान में दीपावली की बधाई व शुभकामनायें देने के लिए कांठोसजनों ने खुशहाली व भाई चारा की प्रतीक दीपावली की आमजन और व्यापारियों से रामा-श्यामा की। व्यापारियों ने जगह-जगह मिठाई खिलाकर व माला पहनाकर कांग्रेस जनों का सम्मान किया। इस अवसर पर निवर्तमान सभापति पायल सैनी, प्रदेश कांठोस सचिव रियाजत खान, शहर ब्लॉक कांठोस कमेटी के अध्यक्ष असलम खोखर, वरिष्ठ नेता मोहम्मद हुसैन निर्वाण, किसान नेता आदुराम न्यौल, युवा नेता रमजान खान, जिला कांठोस उपाध्यक्ष जमील चौहान, सुखाराम घिंटाला, विमल शर्मा, जिला उपाध्यक्ष शिवकुमार शर्मा, सुनीता कपूरिया, दीपिका सोनी, बालीबाई, रामेश्वरलाल नायक, इंजीनियर सुरेश शर्मा, अजीज खान, अली मोहम्मद भाटी, अनीश खान, रामचंद्र सूंडा, आरीफ रिसालदार, आनंद सैनी, बाबू मंत्री, इस्माइल भाटी, आबिद जाबासरिया, नुमान सैय्यद, असलम खान मॉयल, डूंगरसिंह ऊंटवालिया, काज़ी अब्बास, शाहिद चौहान, मनीष प्रजापत, सदीक डायर, दुर्गादत, नीरज शर्मा, अनूप लुगरिया, रामावतार भार्गव, ओम बाकोलिया, चंद्रभान शर्मा, मोहन टेलर, बजरंग बजाड़ आदि उपस्थित थे।

### उद्घाटन मैच नाहरसिंघानी ने जीता

**नवलगढ़,।** उपखंड क्षेत्र नवलगढ़ के कैरू गांव स्थित जाटांवाला जोहड़ खेल मैदान पर न्यू स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में बुधवार को 25वीं फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन हुआ। न्यूज स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष बलवंत लुणायच व कोषाध्यक्ष राजपाल लुणायच ने बताया कि उद्घाटन मैच चैलासी व नाहरसिंघानी के बीच खेला गया। जिसमें नाहरसिंघानी की टीम 2-0 से विजयी रही। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि कैरू ठााम पंचायत प्रशासक प्रतिनिधि ओमप्रकाश कैरू रहे। विशिष्ट अतिथि दयाराम कानसूजिया, दयानंद खरबास, देवकरण कुलहरि, सूबेदार मेजर महावीर कानसूजिया, कप्ताल महेश खेदड़, रिंकू शर्मा, प्रकाश कानसूजिया, रघुवीरसिंह कानसूजिया, रामचंद्र डांगी, जगदीश कानसूजिया, निर्मल शर्मा, सुभाष कानसूजिया, विकास कानसूजिया व महेश लुणायच रहे।

### बाइक सवार पति-पत्नी हुए घायल

**खिरोड़।** चिराना के निकट पहाड़िला में तेज रफ्तार कार ने बाईक को टक्कर मार दी जिससे बाईक सवार पति-पत्नि दिनेश सैनी व सावित्री देवी निवासी मावता घायल हो गए। कार सवार व्यक्ति गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गाए। घटना स्थल पर ठाामीण मौके पर एकत्रित हुए। पहाड़िला निवासी हरफूलसिंह सैनी, साधुराम सैनी व अनिल सैनी की मदद से अपनी निजी कार से घायलों को उदयपुरवाटी सीएचसी पहुंचाया। जहां से घायलों को सीकर रैफर कर दिया गया। सूचना पर गोठड़ा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कर मौका मुआयना किया व अस्पताल में घायलों के बयान लिए और कार को जब्त कर गोठड़ा थाने ले गए। गनिमत यह रही दुर्घटना के समय गैस सिलेंडरों से भरी पिकअप गाड़ी भी एक्सीडेंट होने से बच गई। वरना कार और पिकअप की भिड़ंत होती तो बहुत बड़ा हादसा होता जो टल गया।

### प्रदीप पाटोदिया का जन्मदिन मनाया

**झुंझुनूं,।** श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था की ओर से भामाशाह व समाजसेवी प्रदीप पाटोदिया का जन्मदिन मनाया गया। प्रदीप पाटोदिया झुंझुनूं शहर के समाजसेवी और भामाशाह होने के साथ-साथ सुनिल पाटोदिया फाउंडेशन एवं श्री चौथमल सुनिल कुमार पाटोदिया चैरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी सहित अन्य कई संस्थाओं से जुड़े हुए है। नेहरू मार्केट स्थित उनके प्रतिष्ठान अभिनंदन पर दुपट्टा एवं साफा ओढाकर माल्यार्पण के साथ राधा-कृष्ण का प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान, सुनिल तुलस्यान, श्रीगोपाल गौशाला अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया, मंत्री नेमी अठावाल, अंकित पाटोदिया एवं नरेंद्र गुप्ता सहित अन्य जन उपस्थित थे। जिन्होंने पाटोदिया को जन्मदिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की। इससे पहले पाटोदिया के जन्मदिन के मौके पर श्री गोपाल गौशाला झुंझुनूं में गौवंश को गुड़, तिल, मेथी, अजवायण इत्यादि से निर्मित श्रीगऊ लड्डू सवामणी का भोग अर्पित करवाया गया।

### अन्नकूट महोत्सव धूमधाम से मनाया

**झुंझुनूं,।** श्री राणी सती रोड स्थित श्री लावरेश्वर महादेव मंदिर में बुधवार को अन्नकूट महोत्सव श्रद्वा एवं भक्ति के साथ धुमधाम से मनाया गया। जानकारी देते हुए ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं अध्यक्ष इंद्रकुमार मोदी ने बताया कि अन्नकूट महोत्सव पर मंदिर परिसर में विशेष रूप से विद्युत एवं पुष्प डेकोरेशन सहित श्री लावरेश्वर महादेव का शृंगार किया गया एवं श्री लावरेश्वर महादेव का अभिषेक एवं पूजा-अर्चना के साथ ही बुधवार को सभी भक्तगणों को दोपहर 12:15 बजे से अन्नकूट प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी सुरेश पंसारी, परमेश्वर हलवाई, श्रीगोपाल हलवाई, श्रीकांत पंसारी, भवानी शंकर जगनाणी, दिनेश ढंढारिया, राजकुमार शर्मा, चिरंजीलाल जागिड़ एवं परमेश्वर जालान सहित अन्य जन ने उपस्थित रहकर प्रसाद वितरण किया।

### दीपावली पर विशेष कीर्तन का आयोजन

**चिडावा।** कस्बे में दीपावली के मौके पर श्री हरिकीर्तन प्रभात फेरी की ओर से विशेष कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरूषों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर परमहंस पंडित गणेश नारायण बावलिया बाबा साधना स्थल चौरासिया मंदिर एवं विवेकानंद चौक में दीप जलाकर दीपोत्सव मनाया एवं सभी देशवासियों नगर वासियों को दीपावली की बधाइयां प्रेषित की। श्री हरि कीर्तन प्रभात फेरी के प्रवक्ता राकेश सर्राफ एवं प्रवीण वर्मा ने बताया कि कीर्तन करते हुए निकाली गई प्रभात फेरी के दौरान विवेकानंद चौक में, परमहंस पंडित गणेश नारायण बावलिया बाबा साधना स्थल चौरासिया मंदिर मे दीपोत्सव मनाया गया एवं सभी के लिए खुशियों की कामना की गई। इस अवसर पर पूर्वी राजस्थान अठावाल सम्मेलन के कार्यकारी अध्यक्ष झंडीप्रसाद हिम्मतरामका, सुरेश मालानी, विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष शंकरलाल वर्मा, रामनिवास वर्मा, पुरुषोत्तम पिचानवेवाला, सांवरमल पारीक, शोभा चौधरी, उर्मिला चौधरी, रेखा सैन, शारदा भगत, मीरा वर्मा, मधु रवि शर्मा सहित बहुत से गणमान्य नागरिक प्रभात फेरी मे शामिल हुए।

### विधायक ने बाजार में की दीपावली रामा श्यामा

**रतनगढ़ (निसं)।** विधानसभा क्षेत्र के विधायक पूसाराम गोदारा ने दीपावली के अवसर पर सोमवार सायंकाल कांठोस कार्यकर्ताओं के साथ रतनगढ़ मुख्य बाजार में व्यापारियों से रामा श्यामा की। इस दौरान विधायक गोदारा ने व्यापारी बंधुओं को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और संपन्नता की कामना की।

उन्होंने कहा कि दीपावली का पर्व आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक है, यह पर्व क्षेत्र में नई ऊर्जा और सकारात्मकता लेकर आए। विधायक के साथ मौजूद कांठोस कार्यकर्ताओं ने भी बाजार में लोगों को दीपावली की बधाई दी और सामूहिक सौहार्द का संदेश दिया।

### वृंदा शेखावत का सम्मान

**झुंझुनूं।** सीगडा गांव की बेटी वृंदा शेखावत के आरएएस परीक्षा में चयन होने पर ठाामीणजनों द्वारा गांव के गढ़ परिसर में साफा पहनाकर व शॉल गुलदस्ता भेंट कर सम्मान किया गया। पूर्व प्रधान व भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुशीला सीगड़ा के आतिथ्य में आयोजित सम्मान समारोह में वृंदा के पिता नरेंद्र सिंह शेखावत व माता रतन कंवर का भी माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। पूर्व प्रधान सीगड़ा ने इसे गांव के लिए गौरवान्वित क्षण बताते हुए कहा कि प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे गांव के युवाओं के लिए वृंदा ने एक आदर्श प्रस्तुत किया है। जिससे प्रेरणा लेकर उन्हें भी इसी तरह सफलता प्राप्त कर गांव व माता पिता का नाम रोशन करना है। इस अवसर पर ठा. मूलसिंह, ठा. डूंगरसिंह, ठा. गिरवरसिंह, ठा. भूपेंद्रसिंह, ठा. कुंदनसिंह, जीएसएस अध्यक्ष महेश सीगड़ा, भारत पेट्रोलियम के एसई विकास चौधरी, सुखदेव आदि मौजुद रहे।

# नवनिर्माण इस्कॉन मंदिर में गौपूजन, गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट महोत्सव मनाया

**झुंझुनूं, 22 अक्टूबर।** जय श्रील प्रभुपाद भगवान श्री कृष्ण की कृपा से फौज का मोहल्ला में निर्माणाधीन श्री श्री राधा मदनगोपाल गौर हरि मंदिर में बुधवार को विशेष कार्यक्रम श्री गौ पूजन और गोवर्धन पूजा उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें सुबह 10 से 11:30 बजे हरिनाम संकीर्तन, दामोदर अष्टकम, दीपदान और गोवर्धन लीला कथा क्रोशिया (रूस) से पूजनीय एचजी अद्भुत हरि प्रभुजी के पावन सानिध्य में अक्षोभ्य दास, भक्त रितिक, भक्त हेमंत जुहू मुंबई से भक्त समूह के साथ आयोजित की गई। कार्यक्रम का समापन हरि भक्तों को भोजन अन्नकूट महाप्रसाद के साथ किया गया। इस अवसर पर विशेष आकर्षण भव्य अन्नकूट भोजन प्रसाद, मधुर भजन-कीर्तन-कथा दीपदान और अद्भुत आध्यात्मिक आनंद रहा। इस्कॉन मंदिर झुंझुनूं के प्रबंधक नवीन कांति दास द्वारा कार्यक्रम का कुशल संचालन करते हुए पधारे हुए सभी दानदाताओं एवं अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया गया। झुंझुनूं कार्यक्रम में पधारे डार्का व्लाचिना, जिन्हें अद्भुत हरि दास के नाम से भी जाना जाता है का श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था की ओर से दुपट्टा ओढाकर राधा कृष्ण का प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर इस्कॉन मंदिर के हरि भक्त राधा मदन मोहन दास, डॉ. नवीन कांति दास, प्रमोद शर्मा प्रभु, सोमवीर प्रभु, पवन केजड़ीवाल, परमेश्वर हलवाई, दामोदरप्रसाद अठावाल, पवन अठावाल गुढ़ावाला, डॉ. डीएन तुलस्यान, सीए पवन केडिया सहित अन्य हरिभक्त बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस्कॉन मंदिर के हरिभक्त राधा मदनमोहन दास एवं नवीन कांति दास ने बताया कि श्री श्री राधा मदनगोपाल गौर हरि मंदिर निर्माणाधीन में अभी तक प्रथम चरण का कार्य लगभग पूर्ण किया जा चुका है। द्वितीय चरण निर्माणाधीन है। जिसके लिए सभी उदारमना दानदाता भामाशाहों से सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने बताया कि नित्य सेवा हर व्यक्ति के लिए निस्वार्थ दान कार्यक्रम है, जो इस्कॉन झुंझुनूं से जुड़े हैं या जुड़ने के इच्छुक है। सभी दान राशि का उपयोग श्री श्री राधा मदनगोपाल गौर हरि भोग, वैष्णव सेवा, प्रसाद वितरण, प्रचार कार्यक्रम, उत्सव आयोजन, मंदिर की देखभाल एवं मंदिर निर्माण के उपयोग में किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित डार्का व्लाचिना एक प्रसिद्ध आध्यात्मिक, लेखक और वक्ता हैं। जिन्हें भारत और विदेशों में समान रूप से जाना जाता है। उन्होंने विज्ञान, मनोविज्ञान और आध्यात्मिकता के मेल पर विश्वभर में प्रभावशाली भाषण दिए हैं। पेशे से इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के विशेषज्ञ, उन्होंने आईआईटी मुंबई, एनआईटी जयपुर और कई अन्य प्रतिष्ठित कॉलेजों में वार्ताएं दी हैं और छात्रों के लिए प्रेरणा और मार्गदर्शन का स्त्रोत रहे हैं। यूरोप (क्रोएशिया) में जन्मे, उनकी वेदिक ठांथों और जीवन के प्रति व्यक्तिगत लगाव और प्रशंसा उल्लेखनीय है, जो हमें जीवन के सही अर्थ और उद्देश्य की ओर ले जाती है। वह वर्तमान में इस्कॉन (इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस), मुंबई के कैंपस प्रचार विभाग के प्रमुख हैं। उन्होंने वेदिक कॉस्मोलॉजी, वेदांत और विज्ञान, आत्म-प्रबंधन की कला एवं उच्च स्तर की चेतना विषयों पर व्यापक शोध किया है।

## कच्ची बस्ती में मनाई धूमधाम से दीपावली

**चिड़ावा,।** लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट चिड़ावा ने अपनी परंपरा कायम रखते हुए इस वर्ष भी स्टेशन के पास स्थित कच्ची बस्ती में दीपावली का पर्व बड़े ही धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया। जिला प्रभारी राधेश्याम शर्मा सुखाड़िया के नेतृत्व में ट्रस्ट के सदस्यों ने बस्ती के लोगों के बीच जाकर खुशियां बांटीं। तहसील प्रभारी रजनीकांत मिश्रा ने बताया कि ट्रस्ट हर वर्ष झुग्गी बस्ती के इन बच्चों, महिलाओं और पुरुषों के बीच दीपावली, रक्षाबंधन, होली जैसे त्योहार मनाता आ रहा है। इसी क्रम में त्यौहार पर उन्हें मिट्टी के दिए, बच्चों को पटाखे और सभी को मिठाई भेंट कर दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ दी गईं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। मिश्रा ने बस्ती के लोगों के बीच ट्रस्ट का गीत हमें चाहिए खुशहाली, हमें चाहिए हरियाली गाया और उसका अर्थ विस्तार से समझाया। जिला प्रभारी राधेश्याम शर्मा ने भी दीपावली की शुभकामनाएं दी और बच्चों को पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया उपस्थित पुरूषों को नशें से दूर रहने के लिए प्रेरित किया।

## मेघवाल महाकुंभ की तैयारियां तेज

**झुंझुनूं,।** जिला मुख्यालय पर 26 अक्टूबर को प्रस्तावित मेघवाल महाकुंभ एवं प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारियां तेज हो गई है। अब तक की तैयारियों की समीक्षा के लिए जिलाध्यक्ष सुरेश चित्तौसा की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें सभी कमेटी मेम्बर्स शामिल हुए। जिला महासचिव रमेश भूकल ने बताया कि कार्यक्रम गुढ़ा रोड रेलवे क्रॉसिंग से दो किलोमीटर पर स्थित है। जो एस्सार पेट्रोल पंप के आगे मंगलम बिहार में कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार में उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा होंगे। अध्यक्षता अजमेर डिस्कॉम एमडी केपी वर्मा करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि रिटायर्ड राजस्थान पुलिस डीजी डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा रहेंगे। विशिष्ट अतिथि पूर्व संभागीय आयुक्त पीसी बेरवाल, पिलानी विधायक पितराम काला, संयुक्त शासन सचिव (वित्त) इंद्रराज मेघवाल, झुंझुनूं डिप्टी सीएमएचओ डॉ. भंवरलाल सर्वा, पुलिस इंस्पेक्टर सीकर इंद्राज मरोड़िया, भाजपा जिला महामंत्री राजेश दहिया होंगे। मुख्य वक्ता मोटिवेशनल स्पीकर राहुल मेघवाल रहेंगे। मंच संचालक सीबीईओ खाजूवाला मुकेश भारती ने बताया कि सबसे पहले हॉस्टल की नींव रखवाई जाएगी। तत्पश्चात जिन प्रतिभावान बच्चों के सत्र 2024-25 में आठवीं में 90 प्रतिशत, 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोतर में 70 प्रतिशतअंक, आईआईटी, नीट, आरजेएस उच्च शिक्षण व राजकीय सेवा में चयनित और विशेष क्षेत्र में विशेष उपलब्धि, दहेज मुक्त विवाह करने वाले को अतिथियों से सम्मानित करवाया जाएगा। रमेश भूकल ने बताया कि वर्ष 2017 के मेघवाल महाकुंभ में शोकसभा को 12 दिन से घटाकर सात दिन किए थे। इसी प्रकार इस बात महाकुंभ में छूछक, दशोठन, भात,शादी इत्यादि में नगद के नाम पर एक रुपया ही लेने देने की शपथ ली जाएगी। जिलाध्यक्ष द्वारा सभी तहसील प्रभारियों से जनसंपर्क की स्थिति की जानकारी ली और कार्यक्रम के लिए अलग अलग जिम्मेदारियां दी गई। इधर, प्रचार प्रसार टीम द्वारा कई अलग अलग गांवों का दौरा किया गया। शाम को कार्यक्रम स्थल की सफाई की गई। कैलाशदास महाराज, राजेश मेघवाल, मुकेश बनेटीवाल, रमेश मेघवाल, सीताराम त्यागी, रामू मेघवाल, बंटी लपरा, परमेश्वरलाल , राजकुमार दायमा,आदी टीम में शामिल रहे।

## चिराना में दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम हुआ

**खिरोड।** निकटवर्ती चिराना बस स्टैंड पर सैनी अधिकारी कर्मचारी संगठन की ओर से दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन हुआ। सेवानिवृत अध्यापक डीएम सैनी की अध्यक्षता में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व तहसीलदार मंगलचंद सैनी थे। जबकि विशिष्ट अतिथि रामनारायण सैनी, प्रभातीलाल सैनी, द्वारकाप्रसाद सैनी, बद्रीप्रसाद तंवर, एडवोकेट मोतीलाल सैनी, भारतीय मजदूर संघ के श्यामलाल सैनी, जिला साक्षरता अधिकारी योगेंद्र सैनी थे। महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में उपस्थितजनों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में वक्ताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि स्नेह मिलन समारोह हम सब लोगों को अज्ञान के अंधकार से निकलकर, प्रकाश पथ की ओर बढ़ने का संदेश देता है। कार्यक्रम के अध्यक्ष डीएम सैनी ने सभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन बीरबल सैनी ने किया। इस दौरान अशोककुमार सैनी, मदनलाल सैनी, महेंद्र कुमार सैनी आदी मौजुद रहे।

## जुआ खेलते 21 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया

**बीदासर।** दीपावली पर्व पर पुलिस ने बीकानेर रेंज के आईजी हेमंत शर्मा व जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव द्वारा जुए के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सुजानगढ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार, पुलिस उपधीक्षक प्रहलाद राय के सुपर विजन में बीदासर पुलिस थाना के थानाधिकारी मुकुट बिहारी मीणा के नेतृत्व में पुलिस थाना की गठित टीम ने सोमवार व मंगलवार दो दिनों में पांच अलग अलग सार्वजनिक स्थानों पर झंडी मंडी जुआ खेलते हुए 21 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर 33 हजार 400 रूपये नगद व झंडी मंडी खिलाने का पाटिया, गोटीयां व तास जब्त की है। थानाधिकारी मुकुट बिहारी ने बताया कि झंडी मंडी व तास के पतों पर दाव लगाकर का जुआ खेलते महेंद्र मेघवाल, शिवलाल मेघवाल, नानूराम मेघवाल, हरजीराम मेघवाल, नानूराम मेघवाल, बलवंत वाल्मिकी, कालूराम मेघवाल, मुनाराम मेघवाल, नानूराम को मेहरड़ा बास व मेघवाल मोहल्ले से तथा मंगलवार को बुद्धाराम, लिछुराम, दीपाराम, गजानंद, दुर्जाराम निवासी ढिगारिया को सार्वजनिक चैक से और गोपाल सिंह, भीकाराम, रामाशंकर को नाईयों के मोहल्ले से तथा दयासिंह, प्रधान नायक, मुनीराम, प्रभुराम को गांव बैनाथा की सार्वजनिक गुवाड़ से झंडी मंडी का जुआ खेलते हुए गिरफ्तार कर जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। जुआरियों को गिरफ्तार करने में गठित टीम में थानाधिकारी मुकुट बिहारी, एचसी महेश कुमार, रमेश कुमार, पप्पुराम, कांस्टेबल सुभाष, कमलेश, रामरतन, जयवीर, सरोज व मामराज शामिल रहे।

## गोविंददेवजी मंदिर में हुआ अन्नकूट महोत्सव

**सुलताना,।** दिवाली के तीसरे दिन गोवर्धन पूजा और अन्नकूट महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी और भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। सुलताना कस्बे स्थित गोविंददेवजी मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालु अन्नकूट प्रसाद के लिए उमड़ते रहे। दोपहर 12 बजे के बाद गोविंददेवजी की मंगल आरती संपन्न हुई। जिसके पश्चात भगवान श्रीकृष्ण को अन्नकूट का भोग लगाया गया। आचार्य नरेश जोशी के अनुसार इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण को खीर, पूड़ी, हलवा, मालपुआ सहित विभिन्न व्यंजनों का भोग लगाया गया। आरती के बाद भक्तों को अन्नकूट प्रसाद का वितरण किया गया। अन्नकूट प्रसाद केवल गोवर्धन पूजा के दिन ही बनाया जाता है। यह कई प्रकार के अन्न, सब्जियों और व्यंजनों को मिलाकर तैयार किया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, भगवान श्रीकृष्ण को अन्नकूट का भोग लगाने से समृद्धि, सुख और संतोष प्राप्त होता है। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा कर गोवर्धन पर्वत की कथा को स्मरण किया।

## युवक ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या

**बीदासर।** निकटवर्ती गांव हेमासर आथुणा रोही में 20 वर्षीय युवक ने अपने घर के कमरे में सोमवार की देर रात्रि में किसी समय फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि मृतक के पिता श्रवण राम ने लिखित रिपोर्ट दी कि मेरा 20 वर्षीय पुत्र प्रकाश रात्रि में खाना खाकर अपने कमरे में चला गया। मेरा पुत्र बीमारी के चलते मानसिक रूप से परेशान था। सोमवार की रात्रि में किसी समय अपने कमरे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मृतक के पिता श्रवण राम की रिपोर्ट पर मरग का मामला दर्ज कर घटना स्थल पर पहुंचकर युवक के झुलते शव को ठाामिणों के सहयोग से निचे उतरवाकर राजकीय सीएचसी लाकर मंगलवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। आत्महत्या के कारणों का कोई पता नही चला है। मामले की जांच थानाधिकारी मुकुट बिहारी मीणा कर रहे है।

# कल से शुरू होगी भागवत कथा, निकलेगी कलश यात्रा

**झुंझुनूं,।** शहर के चूणा चौक स्थित आशीर्वाद पैलेस में शुक्रवार से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होगा। इसकी तैयारियां अंतिम चरण में चल रही है। कथा स्थल को भव्य रूप देने के लिए मां भगवती डायमंड आर्ट की टीम लगी हुई है। कथा आयोजन समिति के संयोजक डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि 30 अक्टूबर तक चलने वाली इस कथा में प्रसिद्ध कथा वाचक हरिशरण जी महाराज व्यासपीठ से प्रवचन देंगे। जो बीकानेर से सीधे झुंझुनूं गुरूवार शाम को पहुंचेगी। हरिशरण जी महाराज द्वारा बीकानेर में भागवत कथा और प्रवचन का कार्यक्रम था। डॉ. तुलस्यान ने बताया कि अब तक भागवत कथाओं में सिर्फ प्रवचन, झांकियां और भजनों के साथ-साथ प्रसाद का कार्यक्रम होता था। लेकिन जिला मुख्यालय पर शुक्रवार से शुरू होने वाली भागवत कथा के दौरान छह दिनों तक ना केवल सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रम होंगे। बल्कि भागवत कथा के दौरान भी प्रश्नोत्तरी होगी। खुद हरिशरण जी महाराज अपने श्रीमुख से सुनाई गई भागवत कथा और अन्य धार्मिक इतिहास से जुड़े प्रश्नों को पूछेंगे। जिनके सही जवाब देने वाले धर्मप्रेमियों को पुरस्कृत करेंगे। श्रीश्याम आशीर्वाद सेवा संस्थान के तत्वावधान और श्री केशरदेव देवकीनंदन तुलस्यान परिवार की ओर से आयोजित होने वाली इस भागवत कथा की जानकारी देते हुए समाजसेवी भामाशाह डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि यह आयोजन 24 अक्टूबर से शुरू होगा। चूणा चौक स्थित आशीर्वाद पैलेस में होने वाले इस धार्मिक आयोजन में आशीर्वाद पैलेस हाउसिंग सोसायटी सहित शहर की अन्य धार्मिक-सामाजिक संस्थाएं भी सहयोगी होगी। उन्होंने बताया कि कुलदेवी श्री राणीसती जी दादीजी एवं पितृ कृपा से भागवत कथा का आयोजन 24 से 30 अक्टूबर तक किया जाएगा। पहले दिन शुक्रवार 24 अक्टूबर को सुबह 10 बजे कथावाचक हरिशरण जी महाराज एवं बगड़ दादूद्वारा के पीठाधीश्वर डॉ. अर्जुनदास महाराज के सानिध्य में लावरेश्वर महादेव मंदिर से कथा स्थल आशीर्वाद पैलेस में भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद प्रतिदिन दोपहर दो से शाम छह बजे तक भागवत कथा पर प्रवचन होंगे। इसी के साथ हर दिन सुबह पांच बजे प्रवचन, सात बजे प्रभात फेरी और कथा के बाद धार्मिक प्रश्नोत्तरी होगी। पहली बार कथा स्थल पर सोमवार 27 अक्टूबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। भागवत पूजन मूलपाठ पंडित संजू के आचार्यत्व में होगा। शहर के प्रसिद्ध पुष्करजी केटर्स के हरीश तुलस्यान द्वारा प्रसाद व्यवस्था की जाएगी। जानकारी देते हुए आयोजक तुलस्यान परिवार के योगेश तुलस्यान एवं सीए प्रशांत तुलस्यान ने बताया कि सात दिवसीय कथा के दौरान प्रतिदिवस सामाजिक सरोकार निभाते हुए सेवाकार्य होंगे। 25 अक्टूबर को सरकारी स्कूल के बच्चों को पाठ्य सामठी और स्नेक्स वितरण होगा। तो इससे अगले दिन 26 अक्टूबर को सड़क सुरक्षा का संदेश देते हुए हेलमेट वितरित किए जाएंगे। वहीं 27 अक्टूबर को रक्तदान शिविर तथा 28 अक्टूबर को पंसारी लॉयंस हॉस्पिटल में नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। नेत्र चिकित्सा शिविर में प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ और उनकी टीम सेवाएं देंगी। इसी क्रम में 29 अक्टूबर को जरूरतमंदों को कंबल और भोजन की थाली का वितरण होगा।

भागवत कथा के विश्राम दिवस 30 अक्टूबर गुरूवार को गोपाष्टमी पर्व मनाते हुए 56 भोग प्रसाद से गौसेवा का कार्यक्रम श्री गोपाल गौशाला में होगा। रक्तदान और नेत्र चिकित्सा शिविर लॉयंस क्लब झुंझुनूं के सहयोग से लगाया जाएगा।

## सार-समाचार

### मित्तल बने जयपुर के पुलिस कमिश्नर

**झुंझुनूं,।** झुंझुनूं में एसपी रहे सचिन मित्तल को जयपुर पुलिस के कमिश्नर की बड़ी और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। बुधवार को जारी हुए तबादला सूची में एडीजी सचिन मित्तल को जयपुर का पुलिस कमिश्नर बनाया गया है। झुंझुनूं एसपी रहे सचिन मित्तल का झुंझुनूं के लोगों से पुराना और गहरा नाता रहा है। पुलिस कमिश्नर जैसी महत्वपूर्ण और बड़ी जिम्मेदारी मिलने पर श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान, एडवोकेट श्रवण केजड़ीवाल, परमेश्वर हलवाई, सीए पवन केडिया, रोहिताश्व बंसल, संदीप बेरीवाला सूरत एवं संतोष भगेरिया सीकर ने खुशी जताई है और विश्वास जताया है कि अनुभवी और दबंग आईपीएस अधिकारियों में शामिल सचिन मित्तल जयपुर में लॉ एंड आर्डर को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। विदित है कि आईपीएस सचिन मित्तल वर्तमान में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस कार्मिक राजस्थान जयपुर पद पर आसीन थे। जहां से उनका स्थानान्तरण पुलिस कमिश्नर जयपुर पद पर किया गया है।

### महिलाओं ने की दूसरे दिन गोवर्धन पूजा

**खिरोड।** कस्बे सहित आस-पास के इलाके में दीपावली पर धूमधाम से मनाया गया। दीपावली पर्व के दिन सुबह से लेकर रात्रि तक बाजार में मिठाइयां एवं पटाखों की दुकानों पर लोगों की अच्छी खासी भीड़ लगी रही। दीपावली पर्व के दिन जहां व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठानों पर महालक्ष्मी पूजन किया। वहीं घरों में भी लोगों ने शुभ मुहूर्त में महालक्ष्मी पूजन किया। दीपावली के दूसरे दिन सभी ने एक दूसरे को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी। वहीं कस्बे के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी अपने हिंदू भाइयों को गले लगा कर दीपावली पर्व की मुबारकबाद दी।

### अन्नकूट महोत्सव का आयोजन

**मुकुंदगढ़।** कस्बे में स्थित कुंभ दरबार ब्रह्म बगीची परिसर में बुधवार को अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। बाबा शैलेंद्र नाथ महाराज ने बताया कि खीचडा व कड़ी का भोग लगाया गया। इसके बाद बगीची परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर अन्नकूट का प्रसाद ठाहण किया। इस मौके पर शैलेंद्र नाथ महाराज ने गोवर्धन पर्व पर सभी गौसेवकों व भक्तों को संदेश दिया कि शहर में कहीं भी निराश्रित देशी गाय घूम रही उन गायों को कामक्षा मां शैलेंद्र बाबा कामधेनु सेवा संस्थान ट्रस्ट की गौशाला में ला सकते हैं। उन गायों की संपूर्ण जिम्मेदारी गौशाला की होगी।

### शहीद अशफाक उल्ला खां को याद किया

**झुंझुनूं,।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे की ओर से बुधवार को चूरू रोड पे स्थित बड़गुर्जर ऑटोमोबाइल पर देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीद अशफाक उल्ला खां की जन्म जयंती पर फूल चढ़ा कर खिराजे अकीदत पेश की। इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के जिलाध्यक्ष शौकत अली चौहान ने कार्यकर्ताओं को बताया कि महान क्रांतिकारी अमर शहीद अशफाक उल्ला खां की जयंती पर उन्हें कोटि कोटि नमन करते है। उन्होंने अपने जीवन का बलिदान देकर आजादी की मशाल को प्रज्जवलित किया और हिंदू-मुस्लिम एकता की अमर मिसाल पेश की। उनका साहस, त्याग और देशभक्ति हम सब के प्रेरणा स्त्रोत है। इस अवसर पर मोर्चे के जिला मंत्री हाजी मोहम्मद अयूब इकबाल खान, मोर्चे के नगर मंडल अध्यक्ष खलील सिलावट, उस्मान गनी लादूसरिया, आजम राठौड़, अब्दुल जब्बार अब्बासी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

### पटाखों के साथ बांटी मिठाई

**झुंझुनू।** लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट की ओर से दिवाली के मौके पर जिला मुख्यालय के कान्हा पहाड़ क्षेत्र में झुग्गी बस्ती में रहने वाले लोगों को पटाखों के साथ मिठाई का वितरण किया गया। झुंझुनू प्रभारी मनोज कुमार गनोंलिया ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा हर वर्ष इस पर्व पर प्रसाद वितरण किया जाता है ताकि समाज के सभी वर्गों तक दीपावली की खुशियां पहुंच सके। दिवाली के दिन झुंझुनूं में कान्हा पहाड़ के पास रहने वाले गरीब परिवार लोगों को मिठाई व पटाखे वितरण किया गया है। ट्रस्ट के कार्यकर्ता नारायण पांडे ने बताया कि इस वर्ष झुंझुनूं पार्षद इलियास अली ने नई पहल करते हुए ट्रस्ट के साथ मिलकर गरीब परिवारों के बच्चों को 50 पैकेट कुरकुरे भेंट किए। इन उपहारों को पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे और पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बन गया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के कार्यकर्ता सीताराम घोटड़, पार्षद इलियास अली, और नरोत्तम दुलगच ने सक्रिय सहयोग दिया। ट्रस्ट का उद्देश्य समाज में समानता, सहयोग और सौहार्द का संदेश फैलाना है।

### भाईचारे के साथ मनाया दीपोत्सव

**बीदासर।** कस्बे में दीपों का त्यौहार दीपावली पर्व हर्षोल्लास व भाईचारे के साथ मनाया गया। घरों में रंगोली व मांडने मांडे गये। दीपावली पर लोगों ने अपने घरों की मुंडेर पर दीपकों की रोशनी की। घरों में विशेष प्रकार के व्यंजन बनाये गये। रात्रि में शुभ मुहुर्त में सभी ने महालक्ष्मी का पूजन कर सुख, समृद्धि की कामना की। इसके बाद पटाखों का दौर चला। जिसमें युवकों ने जमकर आतिशबाजी कर दीपावली पर्व का जश्न मनाया। मंगलवार व बुधवार को प्रात: महिलाओं ने गोवर्धन पूजा की तथा इसके बाद दिनभर राम-राम का दौर चला। सभी ने एक-दूसरे से मिलकर बड़ों के चरणस्पर्श किये तथा दीपावली की शुभकामनायें दी। वहीं जनप्रतिनिधि भी बाजारों में राम-श्यामी व शुभकामना देते दिखाई दिये। वहीं हाईटेक का जमाना होने से युवक वाट्सअप व फेसबुक पर चेटिंग कर दीपोत्सव की शुभकामनायें दी।

### सांखला का जन्मदिन मनाया

**बीदासर।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री व बीदासर के 5 बार पालिकाध्यक्ष रह चुके कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मेघराज सांखला का 90 वां जन्म दिवस मंगलवार की शाम बीदासर गौशाला में गायों को गुड व लापसी खिलाकर मनाया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष सीताराम भोभरिया, नगर कांग्रेस अध्यक्ष जेठाराम यादव, गौशाला उपाध्यक्ष नंदलाल छापोला, कांठोस नेता रामपाल पाण्डिया, जवाहर सिंह राठौड़, किसान नेता पूनाराम गढवाल, हरीश बांठिया, मालचंद दर्जी, कटार सिंह जाखड़, ओम प्रकाश सोनी, हनुमान मल मणिहारी, प्रकाश गुसाईवाल, मांगू सिंह, पूर्व पार्षद बलदेव सिंह सांखला, महावीर छापोला, शंभूदयाल जालान, एडवोकेट ज्ञानाराम चैधरी सहित सैकड़ो कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में जन्म दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सांखला को 90 वें जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यकर्ताओं ने सांखला को साल, साफा व माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत भी किया।

### रामा श्यामा के दौरान मिला व्यापारियों का असीम प्रेम

**रतनगढ़( निसं )** भारतीय जनता पार्टी रतनगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं द्वारा हर वर्ष की भांति पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि के नेतृत्व में दीपावली के पावन अवसर पर रतनगढ़ शहर के चारों बाजारों,बस, स्टैंड व स्टेशन रोड पर स्थित दुकानदारों से दिवाली की रामा श्यामा की इस दौरान व्यापारियों में काफी उत्साह देखने को मिला। व्यापारियों ने माला, पुष्प वर्षा, दुपट्टे पहनाकर व मिठाई, मेवे,पान इत्यादि खिलाकर पूर्व विधायक का गर्मजोशी के साथ स्वागत अभिनंदन किया।रामा श्यामा में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा राजस्थान की शान पगड़ी बांधी गई रंग-बिरंगे साफों के साथ सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता प्रभु श्री राम और मां भारती के जयकारे लगाते हुए बाजारों में निकले।

### सबसे प्राचीन वीर निर्वाण सवंत

**सीकर।** जैन धर्म मे कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी रात्री के प्रत्युष काल में 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर निर्वाण हुआ. भगवान महावीर निर्वाण के बाद कार्तिक कृष्ण अमावस्या शाम को गणधर गौतम को केवलज्ञान हुआ. प्रियंका भगवान ने बताया कि मोक्ष लक्ष्मी और केवलज्ञान लक्ष्मी प्राप्ती के उपलक्ष्य में जैन दीपोत्सव करके , निर्वाण लाडु चढाकर ,भ.महावीर पूजन और गणधर गौतम पूजन करके दिपावली मनाते है.दुसरे ही दिन कार्तिक शुक्ल प्रथम को भारतवर्ष का सबसे प्राचीन वीर निर्वाण सवंत भी प्रारंभ हुआ.कल कार्तिक शुक्ल एकम् को वीर निर्वाण सवंत 2552 नये साल के शुरुवात है.वीर निर्वाण सवंत भारतवर्ष का सबसे प्राचीन सवंत है.यह हिजरी , विक्रम , ईसा , शक आदी सभी सवंतोसे भी अधिक पूराना है . जैन परंपरा में प्राकृत - संस्कृत भाषा के प्राचीन ठांथो / पांडुलिपियों में तो इस बात के अनेक प्रमाण है।